**Seventeenth Loksabha**

an>

Title: Need to set up adequate number of Van Dhan Kendras in Gadchiroli-Chimur Parliamentary Constituency, Maharashtra –laid.

**श्री अशोक महादेवराव नेते (गड़चिरोली-चिमुर):** यह प्रसन्नता की बात है कि केन्द्र सरकार ने कोरोना संकट में देश के आदिवासियों को अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए पीएम वन-धन योजना में व्यापकता लाते हुए इसका दायरा बढ़ाने हेतु योजना बनाई है तथा यह भी प्रसन्नता की बात है कि वन-धन योजना, जिससे फिलहाल 18 हजार स्वयं सहायता समूह जुड़े हुए हैं, उसे बढ़ाकर 50 हजार स्वयं सहायता समूह करने का निर्णय लिया गया है। फिलहाल देश के 1205 केन्द्रों के जरिए साढ़े तीन लाख आदिवासी लाभान्वित हो रहे हैं और यह उम्मीद की जा रही है कि आने वाले दिनों में इस योजना से 10 लाख आदिवासी लाभान्वित होंगे।

यह वास्तविकता है कि वन-धन योजना के माध्यम से आदिवासियों द्वारा संग्रहित वनोपज की अच्छी कीमत मिलती है तथा इन केन्द्रों के माध्यम से आदिवासियों का जब योगदान बढ़ेगा तो इससे उनकी आय के साधन व स्रोत भी बढ़ेंगे।

अत: इस सम्बन्ध में मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि देश के अति पिछड़े, दुर्गम आदिवासी बाहुल्य संसदीय क्षेत्र गड़चिरोली में अधिक संख्या में वन-धन केन्द्र स्थापित किए जाने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि नक्सलवाद से प्रभावित इस क्षेत्र के विकास में मदद मिल सके और यहां के गरीब आदिवासी देश की मुख्य धारा से जुड़ सकें।